भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *168

जिसका उत्तर 14.12.2023 को दिया जाना है

सड़क डिजाइन का अध्ययन

*168. श्री विनोद लखमशी चावड़ा:

श्री विष्णु दत्त शर्मा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने गुजरात और मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) पर तीखे मोड़ों, गढ्ढों, तिरछी ढलानों, संकरी गलियों, एकल लेनों, दुर्घटना संभावित बिंदुओं और सर्विस रोडों, उपरिपुलों और अंडरपासों की आवश्यकता के संबंध में कोई सर्वेक्षण / अध्ययन कराया है;

(ख) यदि हां, तो विशेषकर गुजरात के भुज, अब्दासा, गांधीधाम, रापर, मांडवी और अंजार जिलों तथा मध्य प्रदेश के पन्ना, कटनी और छतरपुर जिलों सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा इन राष्ट्रीय राजमार्गों को यात्रियों के लिए सुरक्षित बनाने के लिए सुधारात्मक उपाय शुरू किए गए हैं / किए जाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

'सड़क डिजाइन का अध्ययन' के संबंध में श्री विनोद लखमशी चावड़ा और श्री विष्णु दत्त शर्मा द्वारा पूछे गए दिनांक 14.12.2023 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *168 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ) भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) के मानकों/दिशानिर्देशों, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों, प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय मानकों और उद्योग के बेहतर तरीकों के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) का डिजाइन, निर्माण और रखरखाव किया जाता है। सड़क सुरक्षा के संबंध में आईआरसी कोड/दिशानिर्देशों का पालन करते हुए परियोजना कार्यान्वयनन के विभिन्न चरणों जैसे परियोजना की तैयारी, निर्माण और संचालन में सड़क सुरक्षा ऑडिट किया जाता है और इन क्षेत्रों में पिछले दिशानिर्देशों और तकनीकी विकास के कार्यान्वयनन में प्राप्त अनुभव के आधार पर सड़क सुरक्षा ऑडिट लगातार होते रहते हैं। क्षेत्रीय सामाजिक-आर्थिक विकास के कारण सड़क किनारे का वातावरण और यातायात की स्थिति भी समय के साथ बदलती रहती है, जिसके लिए और अधिक सुधारात्मक उपायों की आवश्यकता होती है।

सड़क सुरक्षा ऑडिट के दौरान परियोजना की तैयारी में और आगे सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले तीव्र मोड़, गड्ढे, खड़ी ढलान, संकीर्ण गलियां, सिंगल लेन, दुर्घटना संभावित बिंदु जैसी कमियों और सर्विस सड़क, ओवरब्रिज और अंडरपास जैसी उन्नयन की आवश्यकताओं की पहचान की जाती है तथा आवश्यक सुधारात्मक उपाय किये जाते हैं। मंत्रालय और इसकी निष्पादन एजेंसियां मानक बोली दस्तावेजों जैसे (i) इंजीनियरिंग खरीद अनुबंध (ईपीसी) (ii) हाइब्रिड वार्षिकी मोड रियायत समझौता और (iii) बीओटी (टोल/वार्षिकी) रियायत समझौता का अनुपालन करती हैं। ऐसे अनुबंध/रियायत समझौतों में डिज़ाइन चरण में, निर्माण के दौरान यातायात शुरू करने से पहले और परिचालन के दौरान ठेकेदारों/रियायतग्राहियों की ओर से अनिवार्य सुरक्षा ऑडिट कराने और आवश्यक सुधारात्मक उपाय, जिनका सभी रारा परियोजनाओं में अनुपालन किया जाता है, करने के प्रावधान हैं। रारा खंड के संचालन चरण के दौरान आवश्यकताओं के अनुसार स्टैंडअलोन सड़क सुरक्षा कार्य भी किए जाते हैं। इसके अलावा, रारा को गड्ढा मुक्त और यातायात योग्य स्थिति में रखने के लिए नियमित मरम्मत और रखरखाव कार्य किए जाते हैं।

पिछले 5 वर्षों के दौरान गुजरात के भुज, अब्दासा, गांधीधाम, रापर, मांडवी और अंजार जिलों तथा मध्य प्रदेश के पन्ना, कटनी और छतरपुर जिलों में चौड़ीकरण/उन्नयन कार्यों के हिस्से के रूप में और सड़क सुरक्षा सुधार कार्य के रूप में स्टैंडअलोन आधार पर किए गए सुधारात्मक उपायों का विवरण नीचे दिया गया है:

जिला	रारा खंड	स्थिति
गुजरात		
कच्छ	रारा-341 का भुज-खावड़ा-धर्मशाला खंड	पूरा हो गया

	रारा-754के का लखपत-हाजीपीर-धोलावीरा-संतालपुर खंड	कार्यान्वयन किया जा रहा है
	रारा-41 पर मांडावी बाईपास	कार्यान्वयन किया जा रहा है
	रारा-41 का मांडवी-नारायण सरोवर खंड	कार्यान्वयन किया जा रहा है
	रारा-8ए (विस्तार) का गांधीधाम-कांडला-मुंद्रा खंड	पूरा हो गया
	रारा-41 का सामाखियाली-गांधीधाम खंड	पूरा हो गया
	रारा-27 का संतालपुर सामाखियाली खंड	निर्धारित तारीख नहीं
	रारा-341 का भीमासर-अंजार-भुज खंड	कार्यान्वयन किया जा रहा है
मध्य प्रदेश		
पन्ना	रारा-43 विस्तार की गुलगंज-अमानगंज-पवई-कटनी सड़क	कार्यान्वयन किया जा रहा है
	रारा-943 की पवईसलेश जस्सो नागोद सड़क	कार्यान्वयन किया जा रहा है
	रारा-43 विस्तार पर अमानगंज के पास केन नदी से पवई बाईपास की शुरुआत तक	कार्यान्वयन किया जा रहा है
	रारा-43 विस्तार के पवई बाईपास की शुरुआत से चंदियाघाट पुनर्संरेखण के अंत तक	कार्यान्वयन किया जा रहा है
पन्ना और सतना	रारा-943 के पवई-सलेहा-जसो-नागौद सड़क का उन्नयन	कार्यान्वयन किया जा रहा है
	रारा-943 पर कैथी-पड़रिया कला बाईपास, पटना-तमोली बाईपास, जासो बाईपास और नागौद बाईपास	कार्यान्वयन किया जा रहा है
पन्ना और छतरपुर	रारा43 विस्तार का बरना नदी से केन नदी तक	बोली के अधीन
कटनी	रारा-30 का रीवा-कटनी-जबलपुर खंड	पूरा हो गया
	रारा-30 का कटनी बाईपास खंड	कार्यान्वयन किया जा रहा है
छतरपुर	रारा-39 का झाँसी-मऊरानीपुर-देवरीघाट-छटीपहाड़ी-छतरपुर-बमीठा खंड	पूरा हो गया
	रारा-339बी की बमीठा खजुराहो सड़क	कार्यान्वयन किया जा रहा है
	रारा-339 (पुराना रारा-76) पर हरपालपुर बाईपास	निर्धारित तारीख नहीं
	रारा43 विस्तार का गुलगंज बाईपास से बारना नदी तक	बोली के अधीन

*****